क़दम अपने हज़रतों से बाहर निकाल
लिया सब ने आ पेशवा हाल हाल

बलायें लगीं लेने सब एक बार
किया जी को एक दस्त सब ने निसार

गया जब महल में वह सर्वे रवाँ
बँधा नाच और राग का वाँ समा।

पहर रात तक पहिने पोशाक वह
रहा साथ सब के तरब नाक वह

क़ज़ारा वह शब थी शबे चार दह
पड़ा ज़िलवा लेता था हर तर्फ़ मह

नज़ारे से था उसके दिल को सरूर
अजब आलम में नूर का था ज़हूर

अजब लुत्फ़ था सैर महताब का
कहे तू कि दरया था सीमाब का

हुआ शाहज़ादे का दिल बेक़रार
यह देखी जो वाँ चाँदनी की बहार

कुछ आई जो उस मह के जी में तरंग
कहा आज कोठे पै बिछे पलंग

ख़वासों ने जा शाह से अर्ज़ की
कि शाहज़ादे की आज यों है ख़ुशी

इरादा है कोठे पै आराम का
कि भाया है आलम लबे बाम का

कहा शाह ने अब तो गये दिन निकल
अगर यों है मरज़ी तो क्या है ख़लल

पर इतना है उस से ख़बरदार हों
जिन्हों की हो चौकी वह बेदार हों

ग़रज़ ले गई आन की आन में। उड़ाकर वह उसको परिस्तान में।
कभी ख़ुश है दिल और कभी दर्दमंद ज़माने की जैसी है पस्तो बलंद।

तसवीर उड़ा ले जाने परी की शाहज़ादे को.

दास्तान हालत तबाह करने मा बाप की शाहज़ादे के ग़ायब होने से.

शिताबी से ऐ साक़िया दे शराब कि यह हाल सुनकर हुवा दिल कबाब
यहाँ को तो क़िस्सा में छोड़ा यहाँ ज़रा अब सुनो ग़मज़दों का बयाँ
करूं हाल हिज्रज़दों का रक़म कि गुज़रा जुदाई से क्या उनपे ग़म
ख़ुली आँख जो एक की वाँ कहीं तो देखा कि वह शाहज़ादा नहीं

न है वह पलँग और न वह माहरू
न वह गुल है उसका न वह उसकी बू

रहे देख यह हाल हैरान कार
कि यह क्या हुआ हाय परवर्दिगार

कोई देख यह हाल रोने लगी
कोई ग़म से जी अपना खोने लगी

कोई बलबलाई सी फिरने लगी
कोई ज़ोफ़ खा खा के गिरने लगी

कोई सिर पै रख हाथ दिलगीर हो
गई बैठ मातम की तसवीर हो

कोई रख के ज़ेरे ज़नख़दाँ छड़ी।
रही नरगिस आसा खड़ी की खड़ी

रही कोई उंगली को दाँतों में दाब
किसी ने कहा घर हुआ यह ख़राब

किसी ने दिये खोल संबुल से बाल
तमाचों से जो गुल किये सुर्ख़ गाल

न बन आई कुछ उनको इसके सिवा
कि कहिये यह अहवाल अब शह से जा

सुनी शह ने आख़िरकार जब यह ख़बर
गिरा ख़ाक पर कह के हाये पिसर

कलेजा पकड़ मा तो बस रह गई
कली की तरह से बिकस रह गई

हुआ गुम जो यूसुफ़ पड़ी यह जो धूम
किया ख़ादिमाने महल ने हजूम।

कहा शह ने वाँ का मुझे दो पता
अज़ीज़ो जहाँ से वह यूसुफ़ गया

गई ले वह शह को लबे बाम पर
दिखाया कि सोया था वह सीमबर

यही थी जगह वह जहाँ से गया
कहा हाय बेटा तु याँ से गया।

मेरे नौजवाँ मैं कहाँ जाऊँ पीर
नज़र तू ने मुझ पर न की बे नज़ीर

अजब बहरे ग़म में डुबोया मुझे
ग़रज़ जान से तू ने खोया मुझे

करूं इस क़यामत का क्या मैं बयाँ
तरक़्क़ी में हरदम था शोरो फ़िग़ाँ

लबे बाम कसरत जो यक सर हुई
तले की ज़मीं सारी ऊपर हुई

शब आधी वह जिस तरह सोते कटी
रही थी जो बाक़ी वह रोते कटी।

अजब तरह की शब थी है हात वह
क़यामत का दिन था न थी रात वह

सहर ने किया जब गरेबान चाक।
उड़ाने लगे मिल के सब सिर पे ख़ाक

उठा शहर में हर तरफ़ शोरो ग़ुल
कि ग़ायब हुआ इस चमन से वह गुल

ग़मो दर्द से दिल जो सबका भरा हुआ बाग़ सारा वह मातम सरा
गया जब कि वह सर्व उस बाग़ से नज़र फूल आने लगे दाग़ से।
अकड़ना गये सर्व सब अपना भूल उड़ाने लगीं क़ुमरियाँ शिर पै धूल
नदा अब जो कोई उन्हों की सुने तो कूकू से उन के ज़िगर तक भुने
हुये खुश्क और ज़र्द सारे निहाल समर लग के यावों हुये पायमाल
तराने से बुलबुल का जी हट गया गुलों का जिगर दर्द से फट गया
तबस्सुम गया हिज्र से ग़ुंचा भूल हुआ ग़म से अज़बस लहू पीके फूल
उड़ा नूर नरगिस की आँखों का सब हुवे बाल संबुल के मातम के शब
लबे जू के उड़ने लगा गिर्द गर्द गुले अशरफ़ी का हुआ रंग ज़र्द
लगी आग लाले के दिल को तमाम दिया ख़ाक में फेंक इशरत का जाम
पड़ा मातम उस बाग़ में बस कि सख़्त हुवे नख़ल मातम तमामी दरख़्त
गिरे ग़म से अंगूर मद होश हो पड़े सारे साये सियह पोश हो
लगे थे जो पत्ते दरख़्तों के साथ वह हिल २ के मलते थे आपुस में हाथ
वह लबरेज़ जो नहर थी जाबजा सो आँखों की वह रह गई डबडबा
उछलते थे फ़व्वारे जो उसके वाँ गया सब निकल उनका तावो तवाँ
मिज़ह पर जो कुछ अश्क थे झड़ गये ग़रज़ रोते रोते गढ़े पर गये।
हुवा हाल चश्मों का याँ तक तबाह किया सब्ज़ पानी से अपना सियाह
कहाँ वह कुयें और कहाँ आबशार कोई दिल में रोती कोई ढाड़ मार।
न बगलों का आलम न वह क़ुरक़ुरे न वह आब जूयें न सब्ज़े हरे।
जहाँ रक़्स करते थे ताऊस बाग़ लगे बोलने व्हाँ मुड़ेरों पै ज़ाग़।
सुहानी वह छायें जो दिलचस्प थीं सो क्या हो कि अब दिल लगे वाँ नहीं
सुनहक़श जहाँ थे वह रंगी मकाँ हुवे सब वह जो दीद्ये ख़ूच काँ।
गुलों की तरह खिल रहे थे जो दिल सो वह सब ख़िज़ाँ से हुये मुज़महिल

ख़िज़ां का अलम दिल में जो आ भड़ा। जिगर बर्ग गुल की तरह भड़ पड़ा।
न गुंचा न गुल ने गुलिस्ताँ रहा फ़क़त दिल में इक ख़ार हिजरा रहा
वज़ीरों ने देखा जो अहवाल शाह कि होती है अब इसकी हालत तबाह
कहा गो जुदाई गवारा नहीं वलेकिन जुदाई से चारा नहीं
नहीं ख़ूब इतना तुम्हें इज़तराब नसीबों ने शायद मिलै वह शिताब
ख़ुदा जाने अब इस में क्या भेद है यह कहते हैं जीतों को उम्मेद है
ख़ुदा की ख़ुदाई तो मामूर है। ग़रज़ उसके नज़दीक़ क्या दूर है
नहीं एक सूरत पे कोई मुदाम उसी की ग़रज़ ज़ात को है क़याम
यह कह और शह को बिठा तख़्त पर वह रनो अरहने लगे यक दिगर
लुटाया बहुत बाप ने मालो ज़र वलेकिन न पाई कुछ उस की ख़बर

दास्तान परिस्तान में ले जाने की.

मुझे देके मै खोज उस का बता ज़रा खिज़्र रह हो तुही साक़िया
न पाई कहीं याँ जो उस गुल की बू करूं अब परिस्तान में जुस्तजू
उड़ी जो परी वाँ से लेकर उसे उतारा परिस्ताँ के अन्दर उसे।
वहाँ एक था सैर का उसके बाग़ कि जिसके गुलों से हो ताज़ा दिमाग़
रियाही नो गुल उस में अनवाअ के तिलिस्मात कुल उस में अनवाअ के
तिलिस्मात के सारे दीवारो दर न याँ कैसे कोठे न याँ कैसे घर
मुतल्ला मुनक़्क़श मुशब्बक तमाम यह क्या हो जो हो धूप का उस में नाम
गिरे छन के वाँ इस लताफ़त से धूप कि ज़र्दी का जो ज़ाफ़राँ पर हो रूप
न आतश का ख़तरा न बारिश का डर न सरदी न गरमी का उस में ख़तर
हरे और भरे सब गुलों से मकाँ जहाँ चाहिये जाके रख दे वहाँ
दुरख़शिंदा हर सक़्फ़ दालान की हो दीवार जैसी चिराग़ान की

ज़मीं वहाँ की सारी जवाहिर निगार । अधड़ में चमन और हवा में बहार

किसी को हो जिस चीज़ की ख़्वाहिश ताक । नज़र आये वह चीज़ बालाय ताक़ ।

जवाहिर के ज़ीस्त वह शोतयूर । ख़िरामाँ फिरें सहन में दूर दूर ।

फिरें दिन में सारे वह हैवान हो । करें रात को काम इन्सान हो

लगे हर तरफ़ गौहरे शबचिराग़ । वही दिन को गौहर वही शबचिराग़

बनाये हुये जाल बाहम निहाल । गुलो गुंचा सब वहाँ के दूर अज़ ख़्याल

सदा आप से आप घड़ियाल की । कहीं नाच की और कहीं ताल की

रहें वहाँ के हुजरों का जो दर खुला । तो दुनियाँ के बाजों की आये सदा

अगर बन्द कर दीजिये एक बार । तो जो अरग़नूं राग निकलें हज़ार

मकानों में मख़मल का फ़र्शो फ़रूश । बरखत्ते सुलेमानी उन पर नक़ूश

तिलिस्मात के परदे और चिलमनें । इरादे पै दिल के उठें और गिरें ।

ख़वासें परीज़ाद उस में तमाम । फिरें गिर्द गिर्द उस परी के मुदाम

सरे नहर बँगला मुरस्सा निगार । सराप्पा बरंगे गुहर आबदार ।

रखा शाहज़ादे का उस में पलंग । खुला हुस्न से उस के बँगले का रंग

क़ज़ारा खुली आँख उस गुल की जो । न पाई वहाँ शहर की अपनी बू

न वह लोग देखे न वह अपनी जा । तअज्जुब से इक इक को तकता रहा

अचंभे का था ख़्वाब देखा जो वहाँ । लगा कहने यारब मैं आया कहाँ

ग़िज़ाल था वह लड़का तो सहमा भी कुछ । हुआ कुछ दिलेर और हैराँ भी कुछ

सिरहने जो देखी महे चारदह । कि है अजनबी सी वह इक रश्क़ मह

कहा कौन है तू यह किसका है घर । ले आया मुझे कौन घर से इधर ।

फिरा मुँह को ले और उधर से नक़ाब । दिया उस परी ने यह हँस कर जवाब

ख़ुदा जाने तू कौन मैं कौन हूं । मुझे भी तअज्जुब है मैं क्या कहूं

पर अब ख़ुद तू आया है यों मेरे घर । ले आई है तुझको क़ज़ा वो क़दर

यह घर गो कि मेरा है तेरा नहीं   पर अब घर यह तेरा है मेरा नहीं
तेरे इश्क़ ने मुझ को शैदा किया   तेरा ग़म मेरे दिल में पैदा किया
छुड़ा कर तेरा तुझ से शहरो दियार   यह बन्दी ही लाई है तकसीरवार
परी हूं मैं और यह परिस्तान है।   यहा सब ये क़ौमे बनी जान हैं
कहाँ सूरतें जिन कहाँ शक्ल इन्स   ग़रज़ क़हर है सुहबते ग़ैर जिन्स
परी को हुई शादी उस मह को ग़म   पै नाचार क्या कर सके वह सनम
कभी यों भी है गरदिशे रोज़गार   कि माशूक़ आशिक़ के हो इख़्तियार
ग़रज़ दिल को जों तों लगा था वहाँ   कहा उसने जो कुछ कहा उसको हाँ
वलेकिन न अक़्लो न होशो हवास   रहै वह शियों की तरह वह उदास
कभी अश्क आँखों में भर लाय वह   कभी साँस लेकर कहै हाय वह
वह महलों की चुहलें वह घर का समाँ   रहै रूबरू ध्यान में हर जमाँ।
वह शफ़क़त वो मा बाप की याद आय   तो रातों को रोरो के दरिया बहा
कभी अपनी तनहाई का ग़म करै।   कभी अपने ऊपर इश्वादम करै
कै रयारजब अपना नाज़ो नअम   फ़िगाँ ज़ेरलब वह करै दम बदम।
बहाने से दिन रात सोया करै।   न हो जब कोई तब वह रोया करै
ग़रज़ इज़तराब उसको हर हाल में   कि जों मुर्ग़ तड़पे नया जाल में
ग़रज़ माहरूउस परी का था नाम   पिदर से छिपा था यह पोशीदा काम
कभी घर में रहती कभी रहती व्हाँ   कि नाराज उसका न होवै अयाँ।
वह परियों में अज़बस की थी ज़ीशऊर, नई चीज़ लाती थी उस के हुज़ूर।
अजायब ग़रायब परिस्तान के   दिखाती थी हर शब उसे आनके
नये खाने औरमेवे अक़साम के   मुहय्या सब असबाब आराम के
नई किश्तियाँ रोज़ पोशाक की   ख़ुशामद सदा जानग़मनाक की
नये स्वाँग व्हाँ के नये रागो रंग   कितादिल लगै और न होजीव तंग

शराबों के शीशे चुने ताक़ में। गज़कवह कि निकाले न आफ़ाक़ में
शराबों क़बाबों बहारो निगार जवानी व मस्ती वो बोसो कनार
न था और कुछ ग़मनो उसको वहाँ बग़ैर अज़ ग़मे दूरये दोस्ताँ
उसी ग़म में घुलघुल के मरता था वह सदा शामसुबह आह करता था वह
परी वहजो थी दिल लगाये हुये वह बैठी थी उस को उड़ाये हुये।
वह बीनाज़नी औरबहुत अक़्लमन्द नखुलनेसे कुछ उसको होतीथीबंद
कहा यक दिन उसने ऐ बेनज़ीर मेरे दाम में तू हुआ है असीर
तु यक काम कर यक पहर फिर कहीं किया कर तु कुछ एक सैरे रूये ज़मीं।
तु रुक २ के दिल को न कर अपने बंद न पहुँचे कहीं तेरे दिल को गज़ंद
मेरे शाम जाती हूँ मैं बाप पास। अकेला तु रहता है इस जा उदास
वह घोड़ा मैं देती हूं कल का तुझे वलेकिन ये दे तू मुचल्का मुझे
कि गर शहर की तर्फ़ जावे कहीं व या दिल किसी से लगावे कहीं
तो फिर हाल हो जो गुनहगार का वही हाल हो तुझसे दिलदार का
कहा क्यों कि मैं उसको जाऊंगा भूल मुझे जो कहा तुम ने सब है क़बूल
कहा माहरुख़ ने कि थे तेरे बख़्त कि बख़्शा तुझे मैं सुलेमाँ का तख़्त
जो उतरे तो कल उसकी यों जोड़ियो जो बर अक्स चाहे तो यों मोड़ियो
ज़मीं से लगा और ता आसमाँ जहाँ चाहियो जाइयो तू वहाँ

दास्तान घोड़े की तारीफ़ में.

कहूं क्या मैं उस अस्प की ख़ूबियाँ परिन्दों में हों कब यह मह्बूबियाँ
ज़रा कल को मोड़े फ़लक पर हुआ जो कहिये तो कहिये उसे आदपा
न खावे न पीवे न सोवे कभी न हाँपे न बीमार होवे कभी।
न हशरी न क़मरी न शबकोर वह न वह कुहना लंग और न मुंहज़ोर वह

न हड्डों का नह मोटरों का ख़लल न पेशानी ऊपर सितारे का बल।
न सायिन न नागिन न भौंरी का डर हरएक ऐब से वह ग़रज़ बेहतर
वह घोड़ा जो इस कल की था बरख़ा का फ़लक सैर था नाम उस रख़्श का
सरे शाम वह बेनज़ीरे जहाँ उसी रख़्श पर होके ज़िलवा कुनाँ
हरएक तर्फ़ से हो गुज़रता था वह वही इक पहर सैर करता था वह
पहर जब कि बजता तो फिरता शिताब कि फिर क़हर था माहरुख़ का इताब

दास्तान वारिद होने में बेनज़ीर के बाग़ में बद्रेमुनीर के

किधर है तु ऐ साक़िये शोख़ रंग कि आया हूं मैं बैठे बैठे बतंग।
पिला मुझको दारू कोई तेज़ो तुंद कि होता चला है मेरा ज़ेहन कुंद
मेरे तो सने तवस्सुर को पर लगा मुझे यहाँ से ले चल फ़लक पर उड़ा
सुनो एक दिन की यह तुम वारदात उठा सैर को बेनज़ीर एक रात।
हुआ नागहाँ उसका इक जा गुज़र सुहाना सयक बाग़ आया नज़र
सफ़ेद एक देखी इमारत बलन्द कि थी नूर में चाँदनी से दोचन्द
वह छिटकी हुई चाँदनी जाबजा वह जाड़े की आमद वह ठंढी हवा।
वह निखरा फ़लक और मह का ज़हूर लगा शाम से सुबह तक बक़्त नूर
यह आलम जो भाया जो कोठे पे आ उतर अपने घोड़े से औ सर झुका।
लगा झाँकने उस मकाँ के तईं कि देखूं तो यहाँ कोई है या नहीं
जो देखा तो ऐसा कुछ आया नज़र कि सब कुछ गया उसके जी से उतर
कहा जी से अब तो जो कुछ हो सो हो ज़रा चलके इस सैर को देख लो।
यह कह नीचे उतरा दबे पाउँ वह नज़र से बचाये हुये छाउँ वह।
अलग खोल हाथों से हाँ के किवाड़ चला साया साया दरख़्तों की आड़।
थे एक तर्फ़ गुनुजान बाहम दरख़्त कि लिपटे हों जिस तरह कुरता क़सरत

लगा व्हाँ से छिप छिप के करने नज़र	दरख़्तों से जो माह हो जिलवागर
जो देखा तो सुहबत अजब है वहाँ	अजब चाँदनी है अजब है समाँ
अजब सूरतें और तुरफ़ा महल्ल	चला देखते ही दिल उसका निकल
मिली जिन्स की अपने जो उसको बू	लगा तकने हैरत से हर सम्त सू
नज़र आई व्हाँ चाँदनी की बहार	कि आँखों ने की ख़ीरगी इख़्तियार
दरो बाम इक लख़्त सारे सपेद	हर सम्त ताक़ मेहराब सुबहे उमेद
मुग़र्रक़ ज़मीं पर तमामी का फ़र्श	झलक जिसकी ले फ़र्श से ता ब अर्श
ज़मीं का तबक़ आसमाँ का तबक़	सुनहले रुपहले हों जैसे वरक़।
बिलोरीं धरें हर तरफ़ संग फ़र्श	कि जिस से मुनव्वर रहे रंग फ़र्श

तसवीर इमारत वो बाग़.

गईउसकेआलमपेजिसदमनिगाह
श्रौरआईनज़रउसमेंइकरश्कमाह

तरहउसकीहरदिलकीमानूसथी
किगोयावहशीशेकीफ़ानूसथी

कहैं देख उस के तईं होशमंद
परी को किया है गा शीशे में बन्द

हरइकसिम्तवाँ नूर का इज़दहाम्
लगे आईने क़द आदम तमाम

लपेटे हुये बादलों से दरख़्त
ज़मीनो हवा साइबे तज़ो तख़्त

सुलखनवहचौपड़की पाकीज़ानहर
पड़े चश्मये माहसे जिस में लहर।

लबे नहर पर साफ़ जो गौर की
तो पटरी थी वह एक निखोर की

पड़े उस में फ़व्वारे छुटते हुये
हवा बीच मोती से लिपटे हुये।

सुक़ररेज़ पड़ा उस में सुक़ेश जो
गिरा माहवाँ रख़्क से पुरज़े हो।

लिये गोद सुक़ैश छोटे बड़े।
हर इक जा सितारे उड़ावें खड़े

ग़रज़ अपनी सूरतसे तारों कोतोड़
ज़मींको फ़लकका बनायाथा जोड़

हवा में वह सुगन्धु से चमकें बहम
मलैं ज़िलवये मह को ज़ेरे क़दम

फ़क़त चाँदनी में कहाँ तौर यह
कि तुरानजब तक मिले और यह

ज़मानाज़र अफ़शाँ हवाज़र फ़िशाँ
ज़मींसे लगाता समाँ ज़र फ़िशाँ।

गुलो ग़ुंचा ज़रीं वो ताज़ो ख़रूस
ज़मीने चमन सबज़बीने अरूस।

ख़िरामाँ ज़री पोश हर माह वश
करैं देखकर मेहरो मह जिनको ग़श

खड़ा एक नसगीरयेज़र निगार
कि थे जिसके झालर पै मोती निसार

जड़ाऊ वह इस्तादे इलमास के।
ढले एक साँचे के यक रास के।

खिंची डोरी हर तर्फ़ ज़र तार की
लड़ी जो किनारे के हों हार की

कहूं क्या मैं झालर की उसकी फ़बन
कि सूरज की हो गिर्द जैसे किरन

मुग़रक़ बिछी मसनद इक जगमगी
यह थी चाँदनी जिसके क़दमों लगी

न फूले समाते थे तकिये धरे
कि थे वह फ़क़त रुखही से भरे

बिलौरी सुराही वह जामें बिल्लर
दिलोदीदा वक़्फ़े तमाशाय नूर।

वह दुरखड़ा जिसे देख मह दाग़ खाय। वह नक़शा कि अक्सवीर को हैरत आय
जो कुछ चाहिये ठीक नख़ शिख से अंग नज़ाक़त भरा सेवती का सा रंग
कुछ एक तमकनत और कुछ इक बाँकपन, ग़रज़ हर तरह में अनोखी फ़बन।
करिश्मा अदा ग़मज़ा हर आन में ग़रज़ दिलबरी उस के फ़रमान में
तग़ाफ़ुल हया नाज़ इशवा ग़रूर हरइक अपने मौक़े से वक़्ते ज़रूर।
तबस्सुम तकल्लुम तरह्हुम सितम मुआफ़िक़ हरइक हौसले के करम
वह अबरू कि मेहराब ऐवान हुस्न झुकी शाख़ नख़ले गुलिस्तान हुस्न
निगाह आफ़ती चश्म सैने चला मज़ा दें सफ़ों को उलट बरमला।
दरे गोश जब उस का ताबिन्दा हो सदफ़ का दिले साफ़ शरमिन्दा हो
वह बीनी कि जिस की नहीं कुछ नज़ीर है अंगुश्त क़ुदरत की सीधी लकीर
वह रुख़सार नाज़ुक कि हो जाय माल अगर उस पै बोसे का गुज़रे ख़याल
नहीं रू त्यो था बिस का याँ कुछ हिसाब बयाज़े गुलू सब के सब इन्तख़ाब।
वह साइद वह बाज़ू भरे गोल गोल। बराबर हो इल्मास के जिस का मोल।
वह दस्ते हिना बस्ता ख़ूबी का बाब शफ़क़ में हो चूं पंजये आफ़ताब
ज़िबस मिस्ल आइना था उस का तन कहै तू की थी नाफ़ अक्से ज़क़न
कमर को कहूं क्यों कि मैं उस के हेच न आवे नज़र तो है क़िस्मत का पेच
वह ज़ानू कि आ जाय गर उस पै हाथ रहै उम्र भर हाथ ज़ानू के साथ
वह साक़े बिलूरीं वह अंदाज़ पा फिरै हर सहर चश्मो दिल में सदा
क़दे क़ामत आफ़त का टुकड़ा तमाम क़यामत करै जिस को झुक कर सलाम
वह अठखेलियाँ और वह उस की चाल कि दिल जिस से आलम का हो पायमाल
बना कब्क कैसी ही गो चाल लाय। कहाँ पर वह रफ़्तार को उस के पाय
अलग चाल उस की कोई क्या चले वह अंदाज़ सब उस के पावों तले
अजब पुश्त पा साफ़ अंगुश्त पा कफ़े पा दिखावै सेरे पुश्त पा।

सुर्ग़रुख़जवाहिरसेइकजुस्फ़ाफ़्श
नवहसुफ़्क़ावल्किपाशुफ़्र्कश।

यहकुदरतकादेखाजोउसनेकमाल
कहाशाहज़ादेनेयाज़ुलजलाल

दरख़्तों से वह देखता था निहाँ
किसी की नज़रजा पड़ी नागहाँ।

जो देखे तो है इक जवाने हसीं।
दरख़्तों की है ओट में महजबीं।

यहचरचाजोफैलातोज़ाहिरहुवा
हरइकहालसेउसके माहिरहुवा।

यह सुनएक से एकयाँ सबकेसब
फिरें बर्गगुलकी तरह गुंचा लब।

जोदेखेंतोशोलासारौशनहै कुछ।
दरख़्तोंकारौशनसाआँगनहैकुछ

किसीनेकहाकुछनकुछहैबला।
किसी ने कहा चाँद है याँ छिपा।

किसी ने कहा है परी या कि जिन
किसी ने कहा है क़यामत का दिन

लगीकहनेमाथाकोईअपनाकूट
सितारा पड़ा है फ़लक पर से टूट।

हुईसुबहशबकागयाउठहिजाब
दरख़्तों में निकलाहैयह आफ़ताब

किसी ने कहा देखयों से बुवा
खड़ा है कोई साफ़ यह मर्दुवा

किसीनेकहायहतो दिलदार है
किसी नेकहा कुछ यह इसरार है

यह आपस में बातें जो होने लगीं
इशारों से बातें जो होने लगीं।

गईबात यह शाहज़ादी के गोश
यहसुनतेहीजातारहाउसकाहोश

कहा मैं तो देखूं यह कहकर उठीं
गयासनसनाजी तो रह कर उठीं।

ख़वासोंकेकाँधेपेधरअपनाहाथ
अजबइकअदासेचलीसाथसाथ

कुछइकख़ौफ़सेहौलखातीहुई
धड़कअपने दिलकी मिटातीहुई

कईहमदममें थींजोकुछकुछबड़ी
दुआयेंवहपढ़ पढ़ के आगे बढ़ीं

गईंजबवहकरकेदिलअपनाकरख़्त
वहाँजिसजगहथेवहबाग़ुद्दरख़्त

जो देखें तो है इक जवाने हसीं
खड़ा है वह आईना सा महजबीं

सरकने की हाँ सेनजागहनठां
दिये हैरते इश्क़ ने गाड़ पाँउ

बरस पन्दरह या कि सोलः का सिन
मुरादों की रातें जवानी के दिन।

नई पुश्त लब से मिसी की नमूद | जिसे देख नीला हो चर्खे कबूद
गलेमें पड़ा नीमा शबनम का एक | बदन से अयाँ नूर आलम का एक
तमामी की संजाफ़ जिलवा कुनाँ | कि चूँ अक़्स मह जेब आबे रवाँ
तरहदार इक सिर पे फेटा सजा | तमामी का पटका कमर से बँधा
अजब पेच से पेच बैठे थे मिल | कि हर पेच पर पेच खाता था दिल
जवाहिर का तकमा गले में लगा | सितारा हो जों सुबह का जगमगा
वह मोती का लटकन ज़मुर्रद की हर | लटक जिसकी ज़ेबिंदा दस्तार पर।
वह गोरा बदन साफ़ तरकीब वार | भरे डंड पर नौरतन की बहार।
इक इलमास की हाथ अंगुश्तरी | सरासर हिना दस्तो पा में लगी
अयाँ चुस्ती वो चालाकी गात से | नमूदे जवानी हर इक बात से।
बदन आइना सा दमकता हुवा | गुले बाग़ ख़ूबी लहकता हुवा
खड़ा ज़ुल्फ़ की और का कुल का बल | जवानी की शब और समा बर महल
क़याफ़े से ज़ाहिर सरापा शऊर | जबीं पर बरसता शुजाअ़त का नूर
बले इश्क़ की तेग़ खाये हुये | खड़ा दिल किसी पर लगाये हुये
यह आलम जो देखा तो ग़श कर गईं | वह जितनी कि आई थीं सब मर गईं
शिताबी से जाकर कहा वाँ का हाल | किसे शाहज़ादी ये साहिब जमाल
अजब सैर है सैर महताब में | यह आलम तो देखा नहीं ख़्वाब में
कहे से हमारे न मानोगी तुम | जो देखोगी आँखों तो जानोगी तुम
उठा पाय गुलगूँ को जल्दी निगार | न जाये कहीं हाथ से यह बहार
नहीं और कुछ तुम न कीजो हिरास | चली आवो तुम इन दरख़्तों के पास
गई उस जगह जब वह बद्रे मुनीर | और उस ने जो देखा शहे बेनज़ीर
गये देखते ही सब आपस में मिल | नज़र से नज़र जी से जी दिल से दिल
ग़रज़ बेनज़ीर और बद्रे मुनीर | गिरे दोनों आपस में होकर असीर

रही कुछ न तन मन की सुध बुध उसें
न कुछ अपने तन की रही सुध उसे

थी हमराह इक उसके दुख़्तेवज़ीर
निहायत हसीं और क़यामत शरीर

जिबस थी सितारे से वह दिलरुबा
उसे लोग कहते थे नजमुलनिसा।

शिताबी से ला उसने छिड़का गुलाब
तब आई तनों में ज़रा आबोताब।

वह उठते तो उठी पै हैरान सी
गुले शबनम आलूदा गिरयान सी

वह शहज़ादये दिलशुदः सो ठिठक
वहीं रह गया नक़्श पासा भुचक

कि वह नाज़नीं कुछ भिजक मुँह छिपा
कमर और चोटी की आलम दिखा

चली उस के आगे से मुँह मोड़ कर
वहीं नीम बिस्मिल उसे छोड़ कर

व गुद्दी वह शाने वह पुश्ते कमर
वह चोटी का कोने पै आना नज़र

दास्तान ज़ुल्फ़ और चोटी की तारीफ़ में.

पिला साक़िया सागरे मुश्क़ बू
कि है मुझ को दरपेश तारीफ़ मू।

सरे शाम से दे यहाँ तक शराब
कि मस्ती में देखूं रुख़े आफ़ताब

करूं उसके बालों का क्या मैं बयाँ
न देखा किसी रात में यह समाँ।

वह ज़ुल्फ़ें कि दिल जिसमें उलझा रहे
उलझने से जी जिसके सुलझा रहे।

वह कंघी वह चोटी खिंची साफ़ साफ़
किनारी का पीछे चमकता सुवाफ़

कहूं उस की चोटी का क्या रंग ढंग
कि जों आख़िरी शब हो भुम्मके का रंग

नुमायाँ थी यों ओढ़नी से झलक
कि जों अब्र में वर्क़ की हो चमक

सुवाफ़े ज़री ने किया है ग़ज़ब।
दिया है गिरह दिन को दुम्बाल शब

सिंगारों में वह सब से है गो उतार
पै कहते हैं चोटी का उसको सिंगार।

न हो क्योंकि चोटी का रुतबा बड़ा
कि इक नूर है उसके पीछे पड़ा

गुलो संबुल उस पर से क़ुर्बान है
कि उसकी लटक में अजब आन है।

लड़ी थी ज़िबस सहर से उस के साँठ
शबो रोज़ को देखा उस ने गाँठ

बलेहाथ आना है उसका कठिन कि है फ़िलहक़ीक़त वह काले कमन
उलट कार न देखे उसे होशियार कि वह इक सितारा है दुंबालादार।
कि पीठ उसकी शफ़्फ़ाफ़ आईनासाँ तिस ऊपर वह चोटी का पड़ना वहाँ
कहूं उसके आलम का क्या माजरा कि जों होवे दरया पै काली घटा
भरी थी दिलों से ज़िबस उसकी माँग बहुत दिल लिये उसकी कंघीने माँग
दिले आशिक उस परसे क़ुर्बान है कि मश्शाता का सिरपै अहसान है
कशाकश में था वरना जीना तो हेच भले को रखा उसने ढीला है पेच।
ग़रज़ हुस्न का उसके है सब यह भेद जो चाहे करे वह सियाहो सफ़ेद
करे सुर्ख़ जो कोई/उस में सुवाफ़ करे ख़ून दिल अपना उसको मुआफ़
किया क़त्ल गो उसने दिल को तो क्या शफ़क़ का नहीं काम पर ख़ूं बहा
कहाँ तक कहूं उसकी चोटी की बात कि थोड़ा है स्वांग और बड़ी है यह रात
दिया शेर को गरचे हर बार तूल वलेकिन यह हो अर्ज़ मेरी क़बूल
बहुत मूशीगाफ़ी जो की मैं ने याँ घटाने की जागह न थी दरमियाँ।
तिस ऊपर जो पूरी न बैठी मिसाल हुई है मेरी फ़िक्र मुझ पर वबाल।
अब इस पेच से बाहर आता हूं मैं समाँ एक ताजा दिखाता हूं मैं
ग़रज़ वह मुड़ी जब दिखा अपने बाल तो गोया कि मारा मुहब्बत का जाल
अदायें सब अपनी दिखाती चली छिपा मुँह को और मुसकराती चली
ग़ज़ब मुँह पै ज़ाहिर बले दिल में चाह निहाँ आह आह और अयाँ वाह वाह
यह है कौन कमबख़्त आया यहाँ मैं अब छोड़ घर अपना जाऊं कहाँ
यह कहती हुई आन की आन में छिपी जाके अपने वह दालान में।
दिया हाथ से छोड़ परदा शिताब छिपा अब्र तारीक में आफ़ताब
कि इतने में आई वह दुख़्ते वज़ीर लगी हँस के कहने कि बद्रेमुनीर
मुझे चोचले तो ख़ुश आते नहीं तेरे नाज़ बेजा यह भाते नहीं।

मेरे तर्फ़ टुक देख तू हाय हाय मसलहै किमनभावैंमुड़िया हिलाय
किया है अगर तू ने घायल उसे तोमत छोड़ अब नीम बिस्मिल उसे
टुक एक हज़ उठा ज़िंदगानी का तू मज़ा देख अपनी जवानी का तू
मये ऐश का जाम अब नोश कर ग़मे दीनों दुनियाँ फ़रामोश कर।
यह हुस्नो जवानी यह जोशो ख़रोश ग़फ़ूरस्त एज़द तु साग़र बिनोश।
कहाँ यह जवानी कहाँ यह बहार यह जोबन का आलम रहै यादगार
सदा ऐश दौराँ दिखाता नहीं। गया वक़्त फिर हाथ आता नहीं।
सभी यों तो दुनियाँ के हैं कारोबार वले हासिले उम्र है वस्ल यार।
ख़ुशा वह ज़माना कि दो एक जगह करें एक दिगर जिलवये मेहरो मह
कहाँ चाह वाले हैं यूसुफ़ अज़ीज़ अरी बावली चाह में कर तमीज़
तेरे घर में आया है मेहमाँ ग़रीब यह है वारदाते अजीबो ग़रीब।
शिताबी से मजलिस को तय्यार कर तु इस गुल से घर रश्क गुलज़ार कर
बुला साक़िया ने गुल अन्दाम को निगह साथ गर्दिश में ला जाम को
शबो रोज़ पी मिल के जामें शराब महो मेहर को रश्क से कर कबाब
यह सुन सुन के वह नाज़नी मुस्करा लगी कहने अच्छा भला री भला
मैं समझी तेरा दिल गया है उधर बहाने तु करती है क्यों मुझ पै धर
लगी कहने हँस हँस के वह माहवश हुई थी उसे देख मैं तो ही ग़श।
तुम्हीं ने तो छिड़का था मुझ पर गुलाब भला मेरी ख़ातिर बुला लो शिताब
यह आपस में रमज़ों की बातें हुईं इशारों की बाहम जो घातें हुईं
बुला लाई जा उस जवाँ के तईं किया मेज़वाँ मेहमाँ की तईं।
बुला एक मकाँ में बिठाया उसे महल का समाँ सब दिखाया उसे
फिर उस नाज़नी ने पकड़ उसका हाथ पिठाया हैला आख़िर उस गुल के साथ

दास्तानमुलाक़ातकरनाबद्रेमुनीरकाबेनज़ीरसे

पिलासाक़ियामुझकोसहबायऐश मिले हैं नसीबों से यहाँजाय ऐश
वहम मिल के बैठे हैं दो रश्क मह क़िराने महो मेहर है इस जगह
हरएकबुर्ज़रश्केगुलिस्ताँहैआज बहारे विसाले ग़रीबाँ है आज
बज़ोरउसकोलाकरबिठायाजो वाँ न पूँछ उस घड़ी की अदा का बयाँ
वह बैठी अजब एक अन्दाज़ से बदन को चुराये हुये नाज़ से
मुँह अंचलसेअपना छिपाये हुये लजाये हुये शर्म खाये हुये।
पसीना पसीना हुआ सब बदन किजोंशबनमआलूदाहोयासमन
घड़ीदोतलकवहमहोआफ़ताब रहे शर्म से पाय बन्दे हिजाब।
उन्हों के रुके बैठने से ख़फ़ा। हुईदिलमेंअपनेवहनजमुन्निसा
गुलाबीकोलाउसके आगे धरा पियाले को फिरजल्द उस ने भरा
कहा शाहज़ादी को बैठी है क्या यहप्यालातोइसबुतकेमुँहसेलगा
ज़रा मेरी खातिरसे हँस बोल दू लबेलाल शीरींकोटुक खोलदू
मैं सदक़े तेरे तुझको मेरी क़सम कई साग़र उस को पिला दम बदम
यहदेखउसकी मिन्नत पियालाउठा उधरसेफिरामुँहको औरमुसकुरा
कहाबादनोशीसेहो जिसकोज़ौक़ पियेयहपियालानहींउसकाशौक़
कहाशाहज़ादे ने हँस करके यों पियूं मैं किसी के निहोरे से क्यों।
ग़रज़होकेआपसमेंराज़ो नयाज़ पियेदो पियाले बसदइमतियाज़
फिरआख़िरकोशाहज़ादेनेभीउठा दियासाग़रउसमहकेमुँहसेलगा
जबआपसमेंचलनेलगेजाममुल गुँदेगुंचासा दिल खिले मिस्लगुल
हुईयकदिगरफिरतोतफ़तीशहाल लगेहोनेआपसमेंकालोमकाल
खुला बन्द जिस दम दरे गुफ़्तगू ज़बाने हक़ीक़त कही मूबमू।

कही इब्तिदा से गुज़री थी सब
जतायासब अपनाहसब औरनसब
परीकाभीअहवालज़ाहिरकिया
छिपेराज़ सेउसको माहिर किया
कहायकपहरकीहैफ़ुरसतमुझे
ज़ियादा नहीं इससे फ़ुरसत मुझे।
यहसुन दिलहीदिलमेंचखापेचताब
दियाशाहज़ादीने उस को जवाब।
मरो तुम परी पर वह तुम परमरे
बस अबतुमज़रा मुझसे बैठो परे
मैं इस तरह का दिल लगाती नहीं
यहशिरकततो बन्दीकोभाती नहीं
अबसतुमसेक्योंदिललगावेकोई
भलेचंगे दिलको जलावे कोई।
वहे शमअसाँ क्यों कोई अश्कसे
जले किस लिये आतसे रश्क से।
यहसुन पाउँ परगिर पड़ा बेनज़ीर
कहा क्या करूं आह बद्रेमुनीर।
कोईलाखजीसेहोमुझपरफ़िदा
मैंतुझपरफ़िदाहूं मुझे उससे क्या
कहा चलसिरअपनाक़दमपररखधर
किसीकेमुझेजीकी क्याहै ख़बर
यह रमज़ो कनायेजो होने लगे
तो आपस में हँस हँस के रोने लगे
रही दिलही दिल में ग़रज़ दिलकीबात
पहर भर गई इतने अरसे में रात
ख़बर रात की सुनउठा बेनज़ीर।
कहा अब मैं जाता हूं बद्रेमुनीर
अगर क़ैद से छूटने पाउँगा।
तोफिरआजकेवक़्तकल आउंगा।
यह मत समझियोहूं मैंआराममें
करूं क्या फँसा हूं अजब दाम में
दिलइसजासेउठनेको करता नहीं
कोई आप से जान मरता नहीं
करमसुझपैररखियोज़रा मेरीजाँ
मैंदिलछोड़ेजाताहूं अपना यहाँ
यहकहउसतरफ़कोरवाना हुवा
दिलइसतर्फ़उसका दिवाना हुवा।
गया अपने मामूल से बेनज़ीर।
इधर का हुआ क़ैदी ऊधर असीर
परी साथ काटी वह जोंतोंकीरात
उठासुबह मलताहुआ अपनाहाथ
समा शब का आँखों में छायाहुवा
मज़ा दिल में सारा समाया हुवा।
उठीजोकोई देखकरवस्ल ख़्वाब
नहोवस्लऔरदिलकोहोइज़्तराब

नई बात का लुत्फ़ पाना ग़ज़ब
वह पहिले पहिल दिल लगाना ग़ज़ब

कलक दिल पै यानी कि दे रोज़ कब
मिले मुझ से शमए दिल अफ़रोज़ कब

मुहब्बत में ज़ुल्फ़े सियह फ़ाम की
लगा देखने राह फिर शाम की।

वह दिन हिज्र का उस पै शामत हुवा
उसे काटना दिन क़यामत हुवा

इधर का तो अहवाल था इस तरह
कहा मैं ने कर मुख़्तसर जिस तरह

ज़रा अब सुनो तुम उधर का बयाँ
हुआ नर्फ़ सानी का क्या हाल वाँ।

वह शब उसको अन्दोहग़म में कटी
घड़ी जो कटी सो अलम में कटी।

रही सूरत आँखों में जो यार की
हुई याद में सुबह रुख़सार की

कुछ उम्मैद दिल में कुछ इक जी को यास
लबों पर हँसी लेक चेहरा उदास

लगा उसको बातों में नजमुलनिसा
लगी कहने जी चाहता है मेरा

कि हूँ आज कर ख़ूब अपना सिँगार
मुझे हुस्न की अपनी दिखला बहार

लगी कहने चल री दिवानी न हो
कोई चीज़ अपनी बिगानी न हो

करूं किसके ख़ातिर मैं अपना सिँगार
वह है कौन जिस को दिखाऊं बहार

ग़रज़ शाहज़ादी बहुत दूर थी
यह शक्ल उसको पहले ही मंज़ूर थी

नहा धोके उस रोज़ ऐसी बनी।
कि दो दिन की सच मच वह जैसी बनी

वह मुखड़े का आलम वह कंघी का रंग
शबे माह हो देख कर जिस को दंग

वह मिस्सी वह उसके लबे लाल फ़ाम
सवारे स्यारे बदरश्याँ की शाम

वह आँखों का आलम वह काजल ग़ज़ब, कहे तू पड़ी नरगिसिस्ताँ में शब

सितम तिस पै सुरमे की तहरीर सी
खिंची हाथ काफ़िर के शमशीर सी

लखोटा वह पानों का मिस्सी के साथ
कि जों दाम ने शब शफ़क़ के हो हाथ

वह पिशवाज़ एक डाँक की जगमगी
सितारों की थी आँख जिस पर लगी

और यक ओढ़नी ख़ाली मुक़ैश की
पड़ी चाँदनी सी महे ऐश की

जो देखे वह अँगिया जवाहिर निगार
फ़रिश्ता मले हाथ बेइख़्तियार

वह बारीक कुरती मिसाले हवा   श्रया मूबमू जिससे तन की सफ़ा
झलक सुर्ख नेफ़े की उभरी हुई   गुलाबी सी गिर्दएक लहरी हुई।
मुग़रिक़ ज़री का वह शिलवारबंद   मुरइया से ताबिन्दगी में दोचन्द
पड़ी पाउँ में कफ़श ज़री निगार   सितारों की जिस की ज़मीं पर बहार
लगो पासे वह नाज़नी ताब फ़र्क़   सरापा जवाहिर के दरिया में ग़र्क़
गढी हुई वह तरकीब और वह बदन   वह पोशाको ज़ेवर की उस पर फ़बन
वह छब तख़्ती उसकी नज़ाक़त नज़र   चमन ज़ार कुदरत में नख़्ले मुराद
भरी माँग मोती से जिलवा कुनाँ   तुमायाँ शबे तीर में कहकशाँ।
वह माथे पै टीके की उस की झलक   सहर चाँद तारों की जैसी चमक
हवस हो न देख उस के ज़ेवर को फिर   कहे वह किटी का था सब उस के सिर
वह बाले की ताबिन्दगी ज़ेर गोश   जिसे देख उड़ जायँ बिजुली के होश
वह हीरे का तकमा बसद आबो ताब   वह सुबहे गुलो मत लये आफ़ताब
वह तकमे पै चंपाकली की फबन   कि सूरज के आगे हो जैसी किरन
वह छाती पै इलमास की धुकधुकी   रहे आँख सूरज की जिस पर झुकी
वह मोती के माले लटकते हुये   रहें दिल जहाँ सिर पटकते हुये
वह इल्मास की हैकल इक ख़ुशनुमा   तसव्वर रहे जिस का दिल से लगा
वह भुजयन्द बाज़ू के औ रनौरतन   कि जों गुल से हो शाख़ ज़ेरे चमन
वह पहुँची ज़मुर्रद की और दस्तबंद   नज़ाक़त में थी शाख़ गुल से दोचन्द
वह लालों की पाजेब आवेज़ादार   सदा अश्क़ ख़ूनी हो जिस पर निसार
वह मीने के पावों में छल्ले थे कुल   कि आँखों से दिल उन पै खाते थे गुल
वह बालों की बू रश्के मुश्के ख़ुतन   वह डूबा हुआ अतर में उस का तन
ज़मीं से मुअत्तर हुआ ता फ़लक   ज़माना गया उस की बू से महक
किया इस तरह से जब उसने सिंगार   हुस मेहरो मह हैं उस के मुँह पर निसार

फ़लक तक गई ख़ुश्बू की उसके धूम
लिया हाथ मश्शाता ने अपना चूम

ख़वासों ने घर को दिया इन्तज़ाम
तमामी के परदे लगाये तमाम

बिछा फ़र्श और कर छपरखट को साफ़
मुरस्सा का उस पर उढ़ा कर गिलाफ़

वह नरगिस के दस्ते जो आफ़ाक़ में
न निकलें सो लाकर चुने ताक़ में

वलायत के मेवे धरे हर तरफ़
कि लेजावे बू उनकी गुल पर शरफ़

धरे लख लखे ख़ास ऐवान में
हवा हो गई इतर दालान में

धरी क्यारियाँ इक तरफ़ बेशुमार
चुनी इक तरफ़ डालियों की क़तार

अचारी मुरब्बे धरे ख़ुशनुमा
वह बाहर के दालान में जा बजा।

छपरखट के पास एक मसनद बिछा
और उस पर तमामी के तकिये लगा

चँगेरें बना और रख पानदान
क़रीने से उस में धरे हारो पान

कई इतरदाने मुरस्सा धरे।
अनोखी गढ़त के कई चौघड़े

सिरहने मुजल्लद धरी इक किताब
ज़हूरी नज़ीरी का कुल इन्तख़ाब

धरी इक बयाज़ और रश्के चमन
मुरक्क़ज़ शेर सौदा वो मीरेहसन

क़लमदान भी एक नज़ाक़त भरा
क़रीने से ज़ेरे छपरखट धरा।

धरा इक तरफ़ गंजिफ़ा ख़ुश क़िमाश
धरी चौपड़ एक तर्फ़ को ग़म तराश

बिछा एक चौकी पड़ा तोरा पोश
कि जैं देख कर ग़श जिसे बादा नोश

सुराही वो साग़र शराबो क़बाब
धरा उस पै साक़ी ने कर इन्तख़ाब

वले उस की रक्खा छिपाये हुये
कि छोड़े नहीं मुँह लगाये हुये

कहा ख़्वासा पुज़ को ख़बरदार कर
कि रक्खियो तो ख़्वासे को तय्यार कर

यह सब कुछ हुवा जब कि आरास्ता
ख़िरामा हुआ सर्व नौ ख़्वास्ता।

सरे शाम ले हाथ में एक छड़ी
वलेकिन छड़ी वह कि जुगनू जड़ी

रविश पर लगी फिरने ईधर उधर
कि छिप जाय सूरज उसे देख कर

दास्तानबेनज़ीरकेआनेकीऔरबाहमसुहबतकरनेकी

पिला मुझको साक़ी शराबे विसाल
कि अब हिज्र से तंग है मेरा हाल।
तड़पता उधर था जो वह बेनज़ीर
हुई शाम बारे तो छूटा असीर।
पर उसने भी इतना तकल्लुफ़ किया
कि एक दिन में जोड़े को धानी रँगा
तमामी की संजाफ़ सी कर दुरस्त
बना जल्द २ और पहिन तंगो चुस्त
पहिन लालो याक़ूत के नौ रतन
वह गुल इस तरह हो के रश्के चमन
फ़लक सैर पर हों शिताबी सवार
हुआ आसमाँ पर हवा एक बार
इकाइक जो वारिद हुआ उस जगह
कि जिस जा खिरामाँ थी वह रश्क मह
नज़र नाज़नी की जो उस पर पड़ी
हुई जा दरख़्तों के ओझल खड़ी
किया छिपके आलम पै उसके जो ध्याँ
तो देखा अजब रंग से वह जवाँ
कि धानी है जोड़ा गले में पड़ा
छिपा सब्ज़े में चाँद सा है खड़ा
कहे तू कि शब चाँदनी आन के
निकाला है मुँह खेत से धान के।
वह हुस्न और वह पोशाक और वह शबाब,
ज़मुर्रद में जों जिलवये आफ़ताब।
समा देख उस शोलये हुस्न का
हुई और जलने की दूनी हवा।
ख़वासें जो थी दम बखुद जानकर
कहा एक हमराज़ ने आन कर
कि अब किस तरफ़ इनको ले जाइये
जहाँ हुक्म हो जाके बिठलाइये।
कहा वह जो आरास्ता है मकाँ
इधर से तो वाँ होके लेजा वहाँ
कहे के बमूजिब उठा कर नक़ाब
छिपा उसको चौला बिठाया शिताब
वह बैठा जो खिलवत में आ बेनज़ीर
और ईधर से आई जो बद्रेमुनीर।
उसे देख उस ने तो फिर ग़श किया
लिबास और ज़ेवर से अश २ किया
ज़िबस होसिले ने जो तंगी सी की
हया इश्क़ ने खाना जंगी सी की
पकड़ हाथ मसनद पै खींचा उसे
मुहब्बत के रिश्ते से खींचा उसे।

लगी कहने हैं हैं मेरा छोड़ हाथ
यह गर्मी है जिससे रहे उस के साथ।

कहा हाय प्यारी जलाया मुझे
रुखाई ने तेरी सताया मुझे।

अरे ज़ालिम इक दम तो तू बैठ जाय
ज़रा मेरे पहलू से तकिया लगा।

तड़पता है कब से पड़ा मेरा दिल
ज़रा खोल आगोश और मुझ से मिल

ग़रज़ आख़िर अज़ बाद राज़ो नयाज़
वह मसनद पै बैठी बसद इमतियाज़

हुआ फिर तो सहबाय गुलगूँ का दौर
हुये और ही और कुछ वाँ के तौर

हुये जब वह बदमस्त दो माहरू
लगी उन में होने अजब गुफ़्तगू।

कि दस्ते जो नरगिस के थे वाँ हज़ार
लगे ढाँपने आँख बेइख़्तियार।

ख़वासें जो थी रूबरू हट गईं
बहाने से हर काम के बट गईं।

ग़रज़ रफ़्ता २ वह मद होश हो
छपरखट पै लेटे हम आग़ोश हो

लिया खींच उन्हों ने जो परदा शिताब
छिपे यकजा दो मह्हो आफ़ताब।

लगी होने बेपरवा जो छेड़ छाड़।
दरे हुस्न के खुल गये दो किवाड़

लगे पीने बाहम शराबे विसाल।
हुये नख़्ल उम्मीद से वह निहाल

लबों से मिले लब दहन से दहन
दिलों से मिले दिल बदन से बदन

लगी आँख से आँख ख़ुश हाल हो
गई हसरतें दिल की पामाल हो

लगी जा के छाती जो छाती के साथ
चले नाज़ो ग़मज़े के आपस में हाथ

किसी की गई चोली आगे से चल
किसी की गई चीन सारी निकल

ग़मो दर्द दामन कशीदा हुये।
वह गुल ना रसीदा रसीदा हुये

उठे पीके बाहम शराबे उमेद
कोई सुर्ख़रू और कोई रूसपेद

छपरखट से बाहर रख अपना क़दम
निकल आये भरते मुहब्बत का दम

नशे से वह लज़्ज़त के बेहोस हो
गये बैठ मसनद पे ख़ामोश हो।

अरक़ में इधर ग़र्क़ वह महजबीं
किये आँख नीचे उधर नाज़नीं।

यह बैठे थे ख़ुश होके बाहम दिगर
कि इतने में ऊधर से बाजा पहर